वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 09.03.2025

शॉर्ट फिल्म के जरिये बताया महिलाओं को स्मार्ट बचत का तरीका

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वीडीए की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को बनारस क्लब में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और 12 मंथ संस्था ने मिलकर प्राधिकरण की महिला कर्मचारियों के लिए फिनलक्ष्मी प्रोग्राम का आयोजन किया। शॉर्ट फिल्म के जरिये महिलाओं को स्मार्ट बचत के तरीके बताए गए। इसमें 28 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, शैली सेठ, वंशिका अग्रवाल तथा अभिनव राय की ओर से महिलाओं को निवेश, वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता के विषय में प्रशिक्षित किया गया। ब्यूरो

दैनिक जागरण–दि0 09.03.2025

वीडीए की महिला कर्मियों के लिए कार्यशाला

जासं, वाराणसी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, वीडीए ने शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला कर्मियों की वित्तीय साक्षरता के लिए बनारस क्लब सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 28 कर्मियों ने भाग लिया। वीडीए ने 12 मंथ संस्थान से मिलकर फिनलक्ष्मी नामक प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, शैली सेठ, वंशिका अग्रवाल तथा बंधन एएमसी अभिनव राय ने महिलाओं को निवेश, वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता के विषय में प्रशिक्षित किया। कर्मचारियों को शार्ट फिल्म के माध्यम से निवेश के लाभ, वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 09.03.2025

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं 12 Month संस्थान ने मिलकर प्राधिकरण की महिला कर्मचारियों के लिए फिनलक्ष्मी प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बनारस क्लब में आयोजित किया गया, जहाँ महिला कर्मचारियों को ब्रेकफ़ास्ट के साथ- साथ एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई इस शॉर्ट फिल्म में निवेश के लाभ, वित्तीय साक्षरता और महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में मार्गदर्शन देने पर जोर दिया गया। महिलाओं को यह जानकारी दी गई कि कैसे वे अपनी बचत को स्मार्ट तरीके से निवेश कर सकती हैं और अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत बना सकती हैं।कार्यक्रम के अंत में, सभी महिला कर्मचारियों ने इस प्रेरणादायक सत्र के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता को स्वीकार किया, जो उन्हें न केवल वित्तीय साक्षरता की दिशा में प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से वाराणसी विकास प्राधिकरण ने महिलाओं को एक सकारात्मक और सशक्त दृष्टिकोण से आर्थिक और वित्तीय ज्ञान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।